इसके साथ यह भी सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि फसल बीमा योजना लागू होने के उपरांत भी किसानों की फसलों का बीमा नहीं किया जा रहा है तथा बीमा नियमों में यह प्रावधान भी किया जाय कि किसान की फसल चोरी होने पर भी बीमा पालिसी का लाभ किसान को मिलेगा।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि फसल बीमा पालिसी व पशु बीमा पालिसी नियमों में शीघ्र संशोधन कर किसानों की समस्याओं को निस्तारित करने का कष्ट करें।

Concern over Mismanagement of South-eastern Coal fields

श्री मोतिउर रहमान (बिहार): महोदय, दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड लिमिटेड के गेवरा व दीपिका क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कोयले की चोरी होती है। अनियमितताओं की जांच के लिए एक सेन्ट्रल इम्पावर्ड कमेटी बनाई गई थी जिसने पाया कि कोयले के वजन यातायात और खनन में अवैध कार्य हो रहा है। अच्छे किस्म के कोयले को घटिया किस्म का कोयला घोषित करके सरकार को करोड़ों का चूना लगाया जाता है और माफियाओं की जेबें भरी जाती है जिसमें कमेटी ने यह भी पाया कि यह मामला संबंधित अधिकारियों की जानकारी में दो साल से था और इस बारे में सांसद व अन्य जन प्रतिनिधि बार-बार शिकायतें भेज रहे थे। इसके अलावा कमेटी ने यह भी पाया कि कम्पनी का जमीन व सम्पति जोकि करोड़ों की थी बहुत कम पैसों पर दे दी गई थी और कुछ लोगों की फर्जी कम्पनियां अवैध कार्य कर रही हैं और ट्रांसपोर्टेशन में एकाधिकार कर रखा है। मैं मांग करता हूं कि कोयले का अवैध ट्रांसपोर्टेशन और चोरी रोकी जाय और इससे सम्बन्धित कम्पनियों के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाय।

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Sir, the Minister wanted to say something. ...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: मंत्री जी, आप कुछ कहना चाहते हैं?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी): सर, मैं यह निवेदन कर रहा हूं कि माननीय वित्त मंत्री जी ने कल personal explanation इस सदन में दिया था और आज personal explanation उस सदन में दिया हैं। उसमें सारे बिंदु कवर हो गए हैं, फिर भी सदस्य कोई बिंदु उठाना चाहते हैं।... **(व्यवधान)**...तो माननीय मंत्री जी यहां आने के लिए तैयार हैं।...**(व्यवधान)**... सदन की कार्यवाही न चले, यह ठीक नहीं है।...**(व्यवधान)**... आज सदन का आखिरी दिन है और मैं चाहता हूं कि सदन की कार्यवाही सौहार्दपूर्ण वातावरण में चले।...**(व्यवधान)**...